# पूर्ववर्ती छात्र मार्गदर्शन प्रदान करें : डॉ जोसेफ

## पुनर्मिलन

**संवाददाता, रांची**



एक्सआइएसएस के पुनर्मिलन समारोह में शामिल विद्यार्थी.

एक्सआइएसएस सभागार में शनिवार को रूरल मैनेजमेंट सत्र 1982-84 के पूर्ववर्ती छात्र वर्षों बाद एकजुट हुए. रीयूनियन कार्यक्रम में 28 वर्ष एलुमनी अपने कैंपस में जुटे. इस दौरान पूर्ववर्ती छात्रों ने पुरानी यादों को साझा किया.

साथ ही संस्थान की उपलब्धियों का जश्न मनाया. आयोजन की शुरुआत निदेशक डॉ जोसेफ मरियानूस कुजूर एसजे ने की. उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती छात्र संस्थान की धरोहर हैं और देश-विदेश में अपनी पहचान स्थापित कर चुके हैं. युवा विद्यार्थी एलुमनी मीट को अवसर की तरह लें, इससे शैक्षणिक यात्रा को प्रोफेशनल लाइफ से जोड़ सकेंगे. पूर्ववर्ती छात्र युवाओं का मार्गदर्शन करें, जिससे बेहतर कल का निर्माण हो सकेगा. डॉ जोसेफ ने पूर्ववर्ती छात्रों से संस्थान की उपलब्धियां साझा की. उन्होंने बताया कि एक्सआइएसएस को अब एनबीए मान्यता मिल चुकी है. साथ ही यह देश के टॉप 30 बी-स्कूल रैंकिंग में जगह बना चुका है.

**पूर्ववर्ती छात्रों ने करियर विकल्प से कराया अवगत :** इस मौके पर एक्सआइएसएस के पूर्व निदेशक फादर क्रिस्टोफर लकड़ा उपस्थित थे. उन्होंने संस्थान के लिए एलुमनी की महत्ता पर अपनी बातें रखी. वहीं, पूर्ववर्ती छात्रों ने अपना अनुभव साझा करते हुए शैक्षणिक सत्र में शामिल विद्यार्थियों को करियर विकल्प से प्रेरित किया. इस अवसर पर एक्सआइएसएस के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, डीन एकेडमिक्स डॉ अमर तिग्गा, रूरल मैनेजमेंट के एचओडी डॉ अनंत कुमार, डॉ शारदा सिंह, आयुषी सहाय और कोयल मुखर्जी समेत अन्य मौजूद थे.

**PRESS : PRABHAT KHABAR**

# एक्सआईएसएस में मिले पूर्व छात्र, पुराने दिनों को याद किया

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में 1982-84 बैच के ग्रामीण विकास के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह शनिवार को हुआ। इसमें 28 पूर्व...

हिन्दुस्तान

ऐप पर पढ़ें

Newswrap ● हिन्दुस्तान टीम , रांची

Sat, 9 Mar 2024 6:45 PM

रांची, प्रमुख संवाददाता। जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में 1982-84 बैच के ग्रामीण विकास के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह शनिवार को हुआ। इसमें 28 पूर्व छात्र यादें ताजा करने, उपलब्धियों का जश्न मनाने और संबंधों को मजबूत करने के लिए एक साथ आए। संस्थान के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर ने कहा कि एक्सआईएसएस साझा दृष्टि और आशा, लचीलापन और प्रेम के मूल्यों के माध्यम से भविष्य को आकार देता है। बताया कि संस्थान एनबीए मान्यता के साथ शीर्ष 30 बी-स्कूल रैंकिंग शामिल है। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।
पूर्व निदेशक फादर क्रिस्टोफर लकड़ा, सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा, डीन एकेडमिक्स डॉ अमर ई तिग्गा, ग्रामीण प्रबंधन के प्रमुख डॉ अनंत कुमार, सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

**PRESS : HINDUSTAN**

# एक्सआईएसएस में ग्रामीण विकास के एलुमनाई रीयूनियन का आयोजन

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) में रूरल डेवलपमेंट, बैच 1982-84 का एलुमनाई रीयूनियन शनिवार को आयोजित किया गया। इसमें 28 पूर्व छात्र पुरानी यादें को ताजा करने, संस्थान की उपलब्धियों का जश्न मनाने, और आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए एक साथ आए। फादर माइकल वान डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित इस एलुमनाई रीयूनियन ने एक्सआईएसएस के इन पूर्व स्नातकों के बीच के सौहार्द को बखूबी दर्शाया।

एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे ने अपने स्वागत भाषण में इस रीयूनियन पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, आज इन सभी पूर्व छात्रों को संस्थान में आया देखकर हम सबको बहुत खुशी हो रही है।

**PRESS : RASHTRIYA NAVEEN MAIL**

# एक्सआईएसएस में पूर्ववर्ती छात्रों का एलुमनाई रीयूनियन आयोजित

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान में रूरल डेवलपमेंट, बैच 1982-84 का एलुमनाई रीयूनियन शनिवार को आयोजित किया गया।



28 पूर्व छात्र पुरानी यादों को ताजा करने, संस्थान की उपलब्धियों का जश्न मनाने और आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए एक साथ आए। फादर माइकल वानडेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित इस एलुमनाई रीयूनियन ने एक्सआईएसएस के इन पूर्व स्नातकोंके बीच के सौहार्द्र को बखूबी दर्शाया। निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा, आज इन सभी पूर्व छात्रों को संस्थान में आये देख हम सबको बहुत खुशी हो रही है। संस्थान से कई वर्ष पहले स्नातक होने के बाद भी इनका यहां से इतना लगाव, इनकी एकजुटता, यही तो एक्सआईएसएस की पूंजी है। पूर्व निदेशक फादर क्रिस्टोफर लकड़ा ने पूर्व-छात्रों के संबंधों के महत्व पर जोर देते हुए संस्थान के विकास पर विचार रखा किया। कार्यक्रम में पूर्व-छात्रों ने अपने पुराने अनुभव साझा किए। एक समूह नृत्य ने झारखंड की विविध प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, एके डमिक्स, डॉअमर तिग्गा, डॉअनंत कुमार के अलावा डॉ शारदा सिंह, आयुर्षि सहाय व कोयल मुखर्जी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**PRESS : SANMARG**

Neither tomorrow nor today, it's now
LENS EYE
News Portal



BREAKING NEWS | LATEST NEWS | कैंपस | झारखण्ड

# एक्सआईएसएस में ग्रामीण विकास बैच 1982-84 का एलुमनाई रीयूनियन आयोजित

March 9, 2024 Lens Eye News Comment(0)

राची, झारखण्ड | मार्च | 09, 2024 ::

ज़ेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) में रूरल डेवलपमेंट, बैच 1982-84 का एलुमनाई रीयूनियन शनिवार को आयोजित किया गया जिसमें 28 पूर्व छात्र पुरानी यादों को ताज़ा करने, संस्थान की उपलब्धियों का जश्न मनाने, और आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए एक साथ आए। फादर माइकल वान डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित इस एलुमनाई रीयूनियन ने एक्सआईएसएस के इन पूर्व स्नातकों के बीच के सौहार्द को बखूबी दर्शाया।

एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने अपने स्वागत भाषण में इस रीयूनियन पर खुशी व्यक्त की और कहा, "आज इन सभी पूर्व छात्रों को संस्थान में आये देख हम सबको बहुत ख़ुशी हो रही है। संस्थान से कई वर्ष पहले स्नातक होने के बाद भी इनका यहाँ से इतना लगाव, इनकी एकजुटता, यही तो एक्सआईएसएस की पूंजी है। उत्कृष्टता की विरासत के साथ, जिसमें एनबीए मान्यता और शीर्ष 30 बी-स्कूल रैंकिंग जिसमें संस्थान शामिल है, हम सभी छात्रों के लिए पाठ्यक्रम में निरंतर विकास और डेटा विश्लेषण को प्राथमिकता देते हैं, जिससे वे आगे चलकर एक सफल मैनेजर के रूप में अपना करियर स्थापित करते है। हमारे पूर्व-छात्र हमारी ताकत हैं और हम मिलकर एक उज्जवल कल का निर्माण कर रहे हैं।"

एक्सआईएसएस के पूर्व निदेशक फादर क्रिस्टोफर लकड़ा ने इस कार्यक्रम के आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त किया और पूर्व-छात्रों के संबंधों के महत्व पर जोर देते हुए संस्थान के विकास पर विचार किया। कार्यक्रम में आगे, पूर्व-छात्रों ने अपने पुराने अनुभव साझा किए, जिससे कार्यक्रम में पुरानी यादें और हंसी जुड़ गई, और एक समूह नृत्य ने झारखण्ड की विविध प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया।

इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर तिग्गा, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम के प्रमुख डॉ अनंत कुमार के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों के प्रमुख, फैकल्टी और ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में एलुमनाई ऑफिस से डॉ शारदा सिंह, सुश्री आयुर्षि सहाय और सुश्री कोयल मुखर्जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ और पूर्व-छात्रों ने बाद में संस्थान का दौरा किया।

**PRESS : LENSEYE NEWS PORTAL**